# ...जहां से मुख्यमंत्री तक पहुंची महिला, उस जिले में महिला पार्षद कर रही चूल्हा-चौका

**टीकमगढ़ में प्रभारी मंत्री एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भी हैं महिला**

**पर विडंबना यहां नपा में महिला पार्षदों की जगह पति कर रहे काम**

(आमिर खान)
नवभारत न्यूज,

**टीकमगढ़। ...जहां से एक महिला ने अपनी मेहनत की दम और तमाम कुरीतियों को दरकिनार कर महिला होते हुए भी एक ऐसा मुकाम हासिल किया, जिस मुकाम को पाने के लिए लोगों का जीवन निकल जाता है. वह कोई और नहीं टीकमगढ़ जिले के गांव डूंड़ा में जन्मी भाजपा की फायर ब्रांड नेत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती हैं. पर जिस जिले से एक महिला सीएम की कुर्सी तक पहुंच सकती है. वहां महिलाओं के अधिकारों का हनन करके उन्हें चूल्हे-चौके में लगाकर उनके पति अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं. यह तस्वीर इन दिनों टीकमगढ़ की नगर पालिका में देखी जा सकती हैं, जहां 13 महिलाएं पार्षद पद के लिए चुनकर गई, लेकिन उनके नाम पर प्रतिनिधि का टैग लगाकर इन महिलाओं की काबिलियत को इनके पति, पुत्र, पिता एवं ससुर चूल्हे-चौके में दफन करने का काम कर रहे हैं.**



देश के प्रधानमंत्री, प्रदेशों के मुख्यमंत्री एवं सभी राजनैतिक पार्टियां महिलाओं के अधिकार की बात करती हैं। इतना ही नहीं महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए वह उन्हें टिकिट देकर पदों तक पहुंचाती भी हैं, लेकिन उनके पति, पुत्र, पिता एवं ससुर सहित तमाम परिजन उनके इन अधिकारों को छीनकर महिलाओं को चुनाव तो लड़वाते हैं, परन्तु उनके मंसूबे उन महिलाओं को आगे बढ़ाने के नहीं, बल्कि निजी स्वार्थ होते हैं, जो इन दिनों टीकमगढ़ की नगर पालिका में खूब देखने को मिल रहे हैं। सियासत के इस सफर में महिलाओं के नाम पर अपनी रोटियां सेंकने वाले इन नेताओं की अक्ल में यह बात क्यों नहीं घुसती कि अगर वह अपनी पत्नी को स्वतंत्र जनसेवा करने दें, तो शायद कहीं वह भी कभी पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती की तरह चमक सकती हैं। उमा भारती का नाम यहां इसलिए बार-बार इंगित कर रहे हैं क्योंकि वह इस जिले के एक छोटे से गांव डूंड़ा की ही हैं और उन्होंने अपने दम बिना सिफारिश मेहनत से जो मुकाम हासिल किया वह किसी से छिपा नहीं. हालांकि टीकमगढ़ जिले में एक बात और अहम है कि इस जिले को भी प्रभारी मंत्री के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की बहू श्रीमती कृष्णा गौर को बनाया गया है. जिससे महिलाओं को और अधिक प्रोत्साहित किया जा सके. सरकार की सोच भी यही है कि महिला प्रभारी मंत्री होने से शायद यहां की महिला नेत्रियां आगे आएं. परन्तु वह कैसे आ पाएं उनके परिजनों ने उन्हें चूल्हे और चौके तक सीमित कर रखा है. बरहाल टीकमगढ़ में कुल 13 महिलाएं अलग-अलग दलों से चुनकर पार्षद की कुर्सी हासिल कर चुकी हैं, लेकिन यहां उनके परिजन उन्हें इस कुर्सी के अधिकार के अनुसार काम करने से पीछे करते हैं. अक्सर देखा जाता है कि परिषद की बैठक या अन्य योजनाओं पर चर्चा के दौरान यहां महिला पार्षदों के पति, पुत्र, पिता एवं ससुर उनके आसपास प्रतिनिधि का टैग लगाकर घूमते दिखाई देते हैं. अब हद तो यहां तक हो गई कि नगर पालिका में बैठे साहब भी चुनी हुई महिला जनप्रतिनिधियों से नहीं, बल्कि इनके पतियों, पुत्रों, पिता एवं ससुर को विकास कार्य की योजनाओं क्रियान्वयन के लिए बुलाते हैं और यह वह हैं, जो बिना किसी शर्म के अपने घरों की महिलाओं के अधिकारों का खुलेआम हनन करके पहुंच भी जाते हैं.

वहीं इस पूरे मामले पर रिटायर्ट सीएमओ डीडी तिवारी से चर्चा की गई, तो उन्होंने कहा कि कानूनन पार्षद प्रतिनिधि का कोई भी पद नहीं होता है। पार्षद पति अपनी पत्नी को नगर पालिका ले जाने और लिवाने के लिए होता है न कि बैठकों एवं निर्माण कार्यों के निरीक्षण करने के लिए यह सरासर गलत है।

### आठ भाजपा एवं पांच कांग्रेस नेताओं का महिलाओं के अधिकारों पर है कब्जा



महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए नगर पालिका टीकमगढ़ में 14 सीटें आरक्षित की गई थी. इन सीटों पर उन महिलाओं को अवसर दिया जाना था, जो जनता की सेवा पार्षद पद पाने के बाद कर सकें, लेकिन टीकमगढ़ में भाजपा एवं कांग्रेस के उन नेताओं ने अपने घरों की महिलाओं को चुनावी मैदान में उतारकर उन्हें जीत दिलाई. चुनाव के प्रचार के दौरान खूब चर्चाएं हुई कि अब महिलाओं को मैदान में उतरकर आपकी सेवा करना है. लेकिन चुनाव होने के कुछ महीने बाद ही इनके परिजनों ने असंवैधानिक रूप से उनके अधिकारों का हनन कर यह जिम्मेदारी अपने हाथ में ले डाली. इसमें भाजपा के आठ नेता एवं कांग्रेस के पांच नेता शामिल हैं. जो अपने घरों की महिलाओं को चूल्हा-चौका तक बैठाकर खुद नगर पालिका के कामों की जिम्मेदारी संभालते हुए निरीक्षण, बैठकों में दिखाई दे रहे हैं, जो नियम के विरुद्ध है. इतना ही नहीं वह अधिकारी भी इन्हें ऐसे पूजते हैं जैसे यह नेता उनके आका बन चुके हों. अगर अधिकारी चाहें तो इन महिलाओं के अधिकार का हनन करने से रोका जा सकता है.

### परिषद में सिर्फ एक महिला, जिनके बीच कोई हस्तक्षेप नहीं



नगर पलिका में 14 महिला पार्षदों में सिर्फ एक महिला ऐसी पार्षद हैं, जो कांग्रेस के बैनर तले जीती और परिषद की बैठक में खूब दहाड़ती हैं. यह एक महिला ऐसी हैं, जिनके पति या परिजन कभी भी इनके साथ नहीं देखे जाते. मतलब साफ है कि इनकी राजनीति के बीच में किसी का कोई हस्तक्षेप नहीं है.

# गड़बड़ी की जांच करने पहुंची एसडीएम



नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। कृषि उपज मंडी में कथित अनियमितताओं का मामला सामने आया है। किसानों और व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि मंडी में नियमों की अनदेखी करते हुए किसानों को अनाज बेचने से पहले अनिवार्य गेट पर्ची नहीं दी जा रही है। इतना ही नहीं, बोली प्रक्रिया के दौरान भी मंडी के जिम्मेदार कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं रहते, जिससे पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस मामले की जानकारी लगते ही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर एसडीएम संस्कृति लिटौरिया मंडी प्रांगण पहुंची जहां उन्होनें तत्काल व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए है।**

जानकारी के अनुसार मंडी के नियमों के तहत किसान जब अपनी कृषि उपज लेकर मंडी पहुंचता है तो सबसे पहले उसे 5 रुपये शुल्क देकर गेट पर्ची बनवानी होती है। इसी पर्ची के आधार पर किसान की उपज का रिकॉर्ड दर्ज किया जाता है और बाद में नीलामी बोली की प्रक्रिया संपन्न होती है। लेकिन किसानों का आरोप है कि शनिवार को उन्हें गेट पर्ची जारी नहीं की गई। किसानों का कहना है कि जब उन्होंने गेट पर्ची नहीं मिलने का कारण पूछा तो मंडी कर्मचारियों ने कहा कि पहले माल बिकने दो, बाद में गेट पर्ची बना दी जाएगी। कसानों का आरोप है कि यह प्रक्रिया मंडी नियमों के विपरीत है और इससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं।मंडी व्यापारी राजीव जैन ने भी मंडी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि मंडी में भेदभावपूर्ण तरीके से काम किया जा रहा है। उनके अनुसार उड़द, मूंग और सोयाबीन लेकर आने वाले किसानों की गेट पर्ची तत्काल नहीं काटी जा रही।

# किसान के बेटे का स्वागत

नवभारत न्यूज

**खरगापुर। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले किसान के बेटे बलराम राजपूत के खरगापुर नगर आगमन पर रेलवे स्टेशन से लेकर नगर के प्रमुख मार्गों तक युवा साथियों द्वारा भव्य एवं गर्मजोशी से स्वागत किया गया। फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया और उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।**

बलराम राजपूत का जन्म जिले की बल्देवगढ़ तहसील के ग्राम बनेरा के एक साधारण किसान परिवार में हुआ।

बचपन से ही वे अपने मामा जमना लोधी के यहां ग्राम सिजौरा तहसील खरगापुर में रहे, जहां से उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अथक मेहनत, लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता हासिल कर यह साबित किया कि दृढ़ संकल्प के साथ किया गया प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता।

## संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना से आक्रोशित मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाते हुए अस्पताल चौराहे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया।**

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है।मृतका की पहचान 26 वर्षीय मनीषा पत्नी सत्येंद्र साहू के रूप में हुई है।

# प्रवेश प्रक्रिया में लिया जा रहा भाग

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, टीकमगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की संस्था स्तर पर काउंसिलिंग प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है।**

संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 4 जुलाई से 12 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। महाविद्यालय में वर्तमान में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान, प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकास का अवसर प्रदान किया जाता है। अनुभवी संकाय सदस्य, आधुनिक प्रयोगशालाएँ, इंटरनेट सुविधा तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि जारी

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में 33 लाख 92 हजार 695 से अधिक भाई-बहनों और बुजुर्गों के खातों में माह मई महीने की 203 करोड़ 56 लाख रुपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। इस दौरान जिले के 32668 हितग्राहियों के खातों में माह मई महीने की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि का भुगतान किया गया।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि घर में बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद होना, तपती धूप में ठंडी छांव के समान होता है।

हमारी संस्कृति में बुजुर्गों, असहायों और समाज के सबसे कमजोर वर्ग को आदर देना केवल कर्तव्य नहीं बल्कि हमारा धर्म माना गया है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी कोशिश है कि राज्य का कोई भी निर्धन परिवार, माताएं, बहनें या हमारे दिव्यांग साथी स्वयं को बेसहारा न समझें।

## किसानों को दी जा रही सलाह

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ द्वारा अन्न फसलों की उत्पादन तकनीक और भोजन में उनके महत्व पर किसानों को सलाह दी गई हैं।**

केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एव प्रमुख डॉ. बीएस किरार, केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.एसके जाटव द्वारा धान्य बाजरा, ज्वार, रागी, साँवा, कोदो, कंगनी, कुटकी, चीना आदि की वैज्ञानिक खेती के प्रमुख बिंदुओं अपना कर इनकी जैविक या प्राकृतिक खेती अर्थात् बिना रासायनिक उर्वरक और दवायों की खेती करने की सलाह दी।

# युवक पर तलवार से हमला, गंभीर घायल



नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। बुडेरा थाना क्षेत्र में एक युवक पर तलवार से हमला किया गया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

लार निवासी रामकुमार गौतम गुरुवार को बड़ागांव में पेशी के लिए जा रहे थे। रामनगर तिराहे पर कुछ हमलावरों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। रामकुमार के सिर में तलवार से वार किया गया, जिससे 12 टांके आए हैं। उनके हाथ-पैरों में भी गंभीर चोटें आई हैं।पीड़ित रामकुमार गौतम ने बताया कि रोहित लोधी, अमरसिंह लोधी, दिग्विजय लोधी, महेंद्र लोधी सहित लगभग दस लोगों ने उन पर हमला किया और जान से मारने की कोशिश की। हमलावर मारपीट के बाद मौके से फरार हो गए।बुडेरा थाना प्रभारी ब्रजेंद्र सिंह घोष ने बताया कि घायल युवक को देर रात अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसके बयान दर्ज किए गए हैं। तीन नामजद आरोपियों सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। घायल की डॉक्टरी रिपोर्ट के आधार पर धाराओं में बढ़ोतरी की जा सकती है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## मछली पकड़ना हुआ बंद

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश राज्य में मध्य प्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है। इस अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषेध रहता है।**

मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित है एवं संज्ञेय दण्डनीय अपराध है। इस नियम का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार अथवा दोनों से दण्डित किया जाएगा।

# टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारी शामिल

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ के मार्गदर्शन में एसडीएम श्रीमती भारती देवी मिश्रा की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्देवगढ़ में पल्स पोलियो अभियान के सफ ल क्रियान्वयन हेतु ब्लॉक स्तरीय टास्क फ ोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।**

बैठक में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस की रूपरेखा निर्धारित करने के साथ एसडीएम मिश्रा द्वारा अस्पताल की कोल्ड चौन एवं पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बैठक में राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने, व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करने तथा अभियान की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उपस्थित अधिकारियों द्वारा सभी कर्मचारियों से पूर्ण समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया ताकि जिले में अभियान का सफ ल संचालन सुनिश्चित किया जा सके। जिसको लेकर बैठक में मौजूद सभी ने अपने-अपने सुझाव रखे।

# रेत से भरा ओवरलोड वाहन खनिज ने किया बरामद



नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार खनिज विभाग के दल द्वारा रेत की अवैध उत्खनन परिवहन पर लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बड़ागांव क्षेत्र में खनिज विभाग के दल द्वारा एक डंपर एमपी15जेडएफ 9863 को खनिज रेत का ओवरलोड परिवहन करते पकड़ा गया।**

वाहन चालक द्वारा वाहन पुष्पेंद्र राजपूत निवासी टीकमगढ़ का बताया गया। वाहन चालक की कथन अनुसार रेत को उत्तर प्रदेश से लाया जा रहा था।

सहायक खनिज अधिकारी द्वारा वाहन को मौके पर जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में थाना बड़ागांव धसान में रखा गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार खनिज विभाग के दल द्वारा रेत की अवैध उत्खनन परिवहन पर लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बड़ागांव क्षेत्र में खनिज विभाग के दल द्वारा एक डंपर एमपी15जेडएफ 9863 को खनिज रेत का ओवरलोड परिवहन करते पकड़ा गया। विभाग की कार्यवाही जारी है।

## बिजली कटौती से लोग परेशान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में इन दिनों विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते मनचाहें तरीके से बिजली बंद कर दी जाती है। जिससे शहर के तमाम वार्डों में बिजली प्रभावित होने से लोग गर्मी की उमस से परेशन दिखाई दे रहे है।**






**अभियान** — कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने की कार्यक्रम की समीक्षा

# आज से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम शुरू



नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार आगामी राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम आज 28 जून से शुरू होगा। अभियान के सफ ल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहरी क्षेत्र की एएनएम, आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी सहायिकाओं तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियान के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।**

प्रशिक्षण के दौरान पोलियो बूथ संचालन, घर-घर भ्रमण, छूटे हुए बच्चों की पहचान, माइक्रोप्लान के अनुसार कार्यवाही, रिपोर्टिंग व्यवस्था, वैक्सीन एवं लॉजिस्टिक प्रबंधन सहित अभियान से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सभी मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करते हुए एक भी पात्र बच्चे को पोलियो की खुराक से वंचित न रहने दें। बैठक में राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने, व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करने तथा अभियान की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। उपस्थित अधिकारियों द्वारा सभी कर्मचारियों से पूर्ण समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया ताकि जिले में अभियान का सफल संचालन सुनिश्चित किया जा सके।बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. केएम वरुण, अर्बन नोडल अधिकारी सिद्धार्थ रावत एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक अंकित रावत सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफ ल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

### 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पिलाएं दवा

आज से शुरू होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने दो बूंद जिंदगी की संदेश के साथ सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे 28 से 30 जून 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं।

# नशा मुक्ति कार्यक्रम में 62 प्रतिभागियों ने लिया भाग

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। समाजसेवी संस्था ग्रामीण स्वावलम्बन समिति द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधक दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय हाई स्कूल हजूरीनगर में तंबाकू एवं नशा मुक्ति विषय पर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ, छात्र-छात्राएँ, ग्राम की महिलाएँ, बाल पंचायत के बालक एवं बालिकाएँ तथा स्थानीय नागरिकों सहित 62 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।**

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत नोडल अधिकारी डॉ. विनय कुमार सोनी द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही कोटपा अधिनियम, 2003 के विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराते हुए बताया गया कि शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों का विक्रय एवं प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों एवं दुकानदारों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी एवं दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है। इसके साथ ही हाई स्कूल के शिक्षकों से संवाद किया।


